ग्रेडिंग के आधार पर प्रदेश की पंचायतें होंगी पुरस्कृत

चर्चा में क्यों

10 जनवरी, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश की पंचायतों के कार्यों की ग्रेडिंग की जाएगी तथा जो पंचायतें अच्छा कार्य कर रही हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। हर पंचायत की विकास योजना बनाई गई है, उस पर अमल कर 'स्मार्ट विलेज' बनाए जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने विभाग द्वारा गाँव-गाँव में कचरा संग्रहण एवं परिवहन के लिये बनाए गए 'मोबाइल एप' का लोकार्पण भी किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्व-सहायता समूहों द्वारा 127 'दीदी कैफे' स्वल्पाहार केंद्रों के रूप में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। आने वाले समय में वल्लभ भवन, विंध्याचल, सतपुड़ा आदि स्थानों पर भी 'दीदी कैफे' खोले जाएंगे।
- प्रदेश में 28 प्लास्टिक संग्रहण केंद्र खोले जा रहे हैं, जिनका संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। प्रदेश में लगभग 9 हजार किलोमीटर सड़कों के निर्माण में वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में सभी 45 हजार गाँवों में ग्राम संगठन बनाने के निर्देश दिये। वर्तमान में प्रदेश में 32 हजार 874 ग्राम संगठन हैं।
- उन्होंने कहा कि हर गाँव के इतिहास, गौरव, पहचान, संस्कृति, महापुरुषों आदि को पुन:स्थापित करने के लिये प्रत्येक गाँव में हर वर्ष 'ग्राम स्थापना दिवस' मनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में वर्ष 2024-25 तक प्रदेश के सभी गाँवों को 'ओडीएफ-प्लस' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश के 1154 गाँवों को अभी तक 'ओडीएफ-प्लस' बनाया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/panchayats-of-the-state-will-be-rewarded-on-the-basis-of-grading